**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3746**
**उत्तर देने की तारीख : 12.08.2025**

**श्रेष्ठ योजना के उद्देश्य**

**3746. श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा:**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा की योजना (श्रेष्ठ) के उद्देश्य और ब्यौरा क्या है; और
(ख) इस योजना का उद्देश्य लक्षित समूह, विशेषकर अनुसूचित जातियों के लिए शैक्षणिक और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में किस प्रकार सुधार करना है?

**उत्तर**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**
**(श्री रामदास आठवले)**

**(क) और (ख):** लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) मोड-II के अंतर्गत, अनुसूचित जातियों के छात्रों की शिक्षा से संबंधित परियोजनाएं चलाने के लिए गैर-सरकारी संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में व्यापक रूप से 3 प्रकार की परियोजनाएं नामत: (i) आवासीय विद्यालय (ii) गैर- आवासीय विद्यालय और (iii) प्राथमिक और माध्यमिक छात्रों के लिए छात्रावास शामिल हैं। इस योजना को 2021-22 से लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ) के रूप में संशोधित किया गया था, जिसमें मोड-I के तहत एक नया घटक जोड़ा गया, जिसके अंतर्गत प्रति वर्ष देश में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित एक राष्ट्रव्यापी प्रवेश परीक्षा के माध्यम से टॉप क्लास आवासीय उच्च विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा के लिए एक निर्दिष्ट संख्या में अनुसूचित जाति के मेधावी छात्रों का चयन किया जाता है।

"लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिए आवासीय शिक्षा योजना (श्रेष्ठ)" का उद्देश्य सरकार के विकास हस्तक्षेपों की पहुंच को बढ़ाना और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों (गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित) और आवासीय उच्च

विद्यालयों को अनुदान सहायता प्रदान करके शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में अल्प सुविधाओं वाले क्षेत्रों में अंतर को पाटना है। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जातियों (एससी) के लिए शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक उत्थान हेतु परिवेश उपलब्ध कराना है। इसके अलावा, यह योजना अनुसूचित जाति के प्रतिभाशाली छात्रों को देश के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में अध्ययन करने के लिए आसान पहुंच उपलब्ध करवाती है, जिससे उनके लिए भविष्य के अवसर सुरक्षित होते हैं।

*****